एक नजर में

ज्येष्ठ पूर्णिमा पर बांटा प्रसाद

लखीमपुर: ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर विकास भवन के सामने स्थित श्री हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। भक्तों को हलवा, चना व शरबत वितरित किया गया। इंदु शेखर सिन्हा, उ. रामेश्वर महेश्वरी, हरि व पंकज तपड़िया, बुति, पूजा, विष्णु, अरुण महेश्वरी का विशेष सहयोग रहा।(सं.)

दारोगा निलंबित

खमरिया: एसपी ने खमरिया में तैनात उपनिरीक्षक नरेंद्र यादव को सस्पेंड कर दिया है। इन पर विवेचना के दौरान सड़क हादसे में संलिप्त वाहक बदलने का आरोप था, जिसकी शिकायत लोगों ने एसपी से की थी। मामले में पूर्व सदस्य जिला पंचायत व भजपा नेता अनिल गुप्ता ने दारोगा नरेंद्र यादव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की लेकर गत दिवस थाने पर धरना दिया था। इसके बाद एसपी ने उ. उपनिरीक्षक नरेंद्र यादव को सस्पेंड कर दिया है।(सं.)

बाढ़ व कटान की बढ़ी आशंका

सेहटिया (लखीमपुर): रात हुई बारिश के बाद मोहना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। रेसे में सेहटिया के नया पिहरगांव में बाढ़ व कटान की लेकर दहशत बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी का पानी बढ़ने से गांव में बाढ़ व कटान की लेकर लोग डरे हुए है। नया पिहरगांव में बीते कई वर्षों से नदी कटान कर काफी अंदर पहुंच चुकी है। अब तक दर्जनों घर नदी कटान का शिकार हो चुके है।(सं.)

फिर उफनाएंगे नाले, जलभराव बनेगा मुसीबत

नगर पालिका का दावा, सभी नालों की हो चुकी है सफाई मगर हकीकत दावों से दूर

मानसून की बारी
कैसी है हमारी तैयारी

संवु. जागरण • लखीमपुर: मानसून आने वाला है, शहर के नालों के बारे में नगर पालिका का दावा है कि सभी नालों की तल्ली सफाई हो चुकी है, अब कोई भी नाला सफाई के लिए बाकी नहीं है। मानसून से पहले ही नगर पालिका ने जल निकासी के लिए नालों को तैयार कर दिया है, लेकिन शहर में अभी कई ऐसे नाले हैं जो आपको ऊपर तक जाम दिखाई दे जाएंगे।

इन नालों को देखकर इस बात का अंदाज आसानी से लगाया जा सकता है कि नगर पालिका के दावों में कितना दम है। शहरी क्षेत्र के नालों की तल्ली सफाई का दावा करने वाली नगर पालिका की हकीकत यह है कि खुद उसी के कार्यालय के सामने से गुजरे हुए नाले में सिल्ट जमा है, इसे कभी भी देखा जा सकता है।

सिर्फ इतना ही नहीं, हीरालाल धर्मसाला से लेकर काजीपुरे कालोनी तक यह नाला पूरी तरह जाम है क्योंकि इसके ऊपर नगर पालिका की दुकानों का इतना ज्यादा अतिक्रमण है। इसलिए इस नाले को साफ करना पानी होने संभव नहीं है। यही प्रस्तुत है मानसून से पहले शहर के कुछ नालों की बानगी।

टडन नर्सिंग होम के पास अस्पताल रोड से गुजरा नाला • जागरण

नगर पालिका कार्यालय के गेट से गुजरा नाला : समय दिन के 11 बजे

दृश्य एक

नगर पालिका के गेट के ठीक नीचे से गुजरा हुआ नाला पिछले करीब एक साल से साफ नहीं किया गया है। इस नाले की हालत देखकर आसानी से बताया जा सकता है कि यह कितने समय से साफ नहीं है। इसे साफ करने में सबसे बड़ी अड़चन तो नगर पालिका की वही दुकानें हैं, जिनका अतिक्रमण ही इस नाले पर है। ऐसी स्थिति में इसकी सफाई तो भी कैसे जा सकती है। आसपास के व्यापारी भी स्वीकारते हैं कि नाले की सफाई अभी नहीं हुई है।

अस्पताल रोड से टडन नर्सिंग होम व टीबी अस्पताल के बीच से गुजरा नाला : समय दिन के 11 30 बजे

दृश्य दो

ठीक के पीछे से निकला यह नाला आगे घसरनगंज में जाता है। अस्पताल रोड के दोनों ओर यह नाला, वार्ड नहीं बस्ती से आया है। सड़क के दोनों ओर इस नाले को जाम देखा जा सकता है क्योंकि यह नाला ऊपर से खुला है। सरकारी टीबी अस्पताल से लगे इस नाले में अभी तक कोई सफाई अभी तक हो नहीं पाई है। अस्पताल के व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने अभी इसकी सफाई होते नहीं देखी।

स्थान: महाराज नगर वार्ड का प्रमुख लिंक मार्ग, समय : दिन के 12 बजे

दृश्य तीन

राजकीय इंटर कालेज रोहन मैदान के ठीक सामने से जो सस्ता महाराज नगर नर्सिंग होम की तरफ गया है, उसी रास्ते का नाला सोमवार को जाम दिखा। नाले में ऊपर तक सिल्ट जमा है। इसी देखकर नहीं लगता कि नाले की सफाई हुई है, अस्पताल के निवासियों ने भी बताया कि अभी तक यहां कोई सफाई नहीं कराई गई है।

> नगर पालिका के छोटे बड़े 55 नाले हैं। लगभग सभी की सफाई हो चुकी है। जहां कहीं कोई नाला बेधारा जाम हुआ है, वहां किसी रुकावट के पलते जाम हो गया होगा, उसे नाले दिखवाया जाएगा। जहां तक प्रश्न अस्पताल रोड के नाले का है, उसका पानी रोका गया है, क्योंकि आगे घसरनगंज में नाला बन रहा है।
> **- संजय कुमार,** इंजी. नगर पालिका उपाधीक्षण।

सर्वोच्च राजस्व करदाता व्यापारियों का सम्मान

संवु. जागरण • लखीमपुर: दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। समारोह में जिले के व्यापारियों सहित विभिन्न वर्गों की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम का सफल संयोजन उपायुक्त (राजस्व) चरण सिंह वर्मा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीपम अंजनी कुमार सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह ने दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की। दीपम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि भामाशाह का त्याग, समर्पण और निःस्वार्थ सेवा भाव आज के युग में भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने दानवीर भामाशाह के जीवन मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा को युवाओं के लिए प्रेरणास्वरूप बताया। कहा कि भामाशाह जैसे महान दानवीरों के कारण ही इतिहास में देश ने अनेक बार संकटों से मुक्ति पाई। दीपम ने कहा कि शासन और प्रशासन उद्यमियों एवं व्यापारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम में उपायुक्त (राजस्व) चरण सिंह वर्मा, सहायक आयुक्त सत्य प्रकाश पांडे, चंद्रभानु सरोज, अरविंद कुमार, बीजनाथ, दिनेश कुमार, भारत भूषण, राज्य कर अधिकारी संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी-गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भामाशाह जयंती पर प्रमुख व्यापारी दीपक अग्रवाल को सम्मानित करते दीपम अंजनी कुमार सिंह • जागरण

ये हुए सम्मानित

सम्मानित होने वालों में मुरारम डेटर प्राइजेज, मुरारम आटो सेल्स, जीवन मोटर्स प्रा. लि., यूएस एसोसिएटस, शुभम आइरन टेडर्स, बीराम मार्बल एंड टाइल्स, एक्सान सिक्योरिटी गार्ड सर्विस, बालजी कान्ट्रेक्टर, दवा विनियर (मुसेपुर) व अटल इंटरप्राइजेज के व्यापारी प्रमुख रहे।

सपा कार्यालय में मनाई गई भामाशाह जयंती

संवु. जागरण • लखीमपुर: समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन में सोमवार को दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी अजय पटेल, अमित वर्मा समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वर्षों पुराना अतिक्रमण हटाया, विरोध के बीच चला बुलडोजर

संवु. जागरण • अंबपत (लखीमपुर): लखीमपुर-सीतापुर हाईवे स्थित किसान सेवा समिति के पास नगर पंचायत अंबपत की सार्वजनिक भूमि (गाटा संख्या 568) पर वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण को सोमवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर हटवा दिया। नगर पंचायत और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई करते हुए कई अवैध कब्जों को हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया। कार्रवाई नायब तहसीलदार की देखरेख में हुई। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी

बुलडोजर ने उड़ाई झुग्गी झोपड़ी • जागरण

ऋषिकेश वर्मा, कानूनगो छोटे पांडे, लेखपाल अनुज मिश्रा सहित नगर पंचायत एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। दोपहर करीब दो बजे जैसे ही जेसीबी मशीन मौके पर पहुंची, कब्जाधारक अब्दुल समद और उनके परिवार ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। काफी देर तक हंगामा और विरोध चलता रहा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए नगर पंचायत और राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई पूरी कराई। झुग्गी-झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से रह रहे अब्दुल समद, मेराज व कमलेश कुमार का कब्जा बताया गया। प्रशासन ने इन सभी कब्जों को हटाकर भूमि खाली करा ली। अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा ने बताया कि संबंधित लोग कोर्ट में अपने केस हार चुके थे, फिर भी बाधा उत्पन्न कर रहे थे। कब्जा हटाया गया।

निजी विद्यालय के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते हिन्दू संगठन के लोग • जागरण

संवु. जागरण • लखीमपुर: शहर के एक निजी विद्यालय के खिलाफ अभिभावक ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर बच्चों को शिक्षा से वंचित किए जाने का आरोप लगाया है। अभिभावक के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा उनके दोनों बच्चों को कक्ष से बाहर खड़ा कर पढ़ाई से वंचित किया जा रहा है। अभिभावक का कहना है कि बड़ा बेटा कक्षा 8 और छोटा बेटा कक्षा 6 का छात्र है। अभिभावक ने विद्यालय प्रबंधन से शिकायत की तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और वर्ष 2025-26 की पूरी फीस बकाया बताकर जमा करने का दबाव बनाया गया। जबकि उनका दावा है कि संबंधित सत्र की फीस जमा है और उसकी रसीद भी उनके पास सुरक्षित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फीस न देने पर बच्चों का भविष्य खराब करने की धमकी दी गई। अब उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर विद्यालय की वार्षिक शुल्क व्यवस्था का परीक्षण कराने, फीस रसीदों का सत्यापन कराने तथा बच्चों के शिक्षा के अधिकार और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

थर्माकोल से बनाया राम मंदिर का किया उद्घाटन

संवु. जागरण • मोहम्मदी (लखीमपुर): नगर के मुल्ला भैंतर मोहम्मदी निवासी विजय भारत ने अपनी अद्भुत कला का परिचय देते हुए थर्माकोल से अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम मंदिर की आकर्षक प्रतिकृति तैयार की है। करीब नौ महीने की कड़ी मेहनत और बारीक नक्काशी के बाद तैयार हुए इस मंदिर का उद्घाटन विधायक लोकेन्द्र सिंह ने विधिवत पूजा-अर्चन और आरती के साथ किया। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। विजय भारत ने बताया कि यह उनकी पहली कलाकृति नहीं है। इससे पहले भी वे काशी विश्वनाथ मंदिर सहित कई अन्य धार्मिक स्थलों की प्रतिकृतियां तैयार कर चुके हैं। उनके द्वारा बनाई गई राम मंदिर की प्रतिकृति अपनी बारीक नक्काशी और वास्तविक मंदिर जैसी बनावट के कारण लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। कार्यक्रम में विधायक ने विजय भारत की कला और समर्पण की सराहना की। अतुल रस्तोगी, मनोज गुप्त, सुशील त्रिवेदी, निकुंज रस्तोगी, अमित राठौर, अरुण राठौर, रजनी वर्मा, अमर सिंह राठौर, सुशील वर्मा, कुलदीप श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

जल निकासी के लिए लोनिवि बनाएगा पुलिया

संवु जागरण • पसगवां (लखीमपुर): : यहां मुख्य बाजार में जल निकासी की गंभीर समस्या के समाधान के लिए पुलिया निर्माण का स्टीमेट तैयार कर लोक निर्माण विभाग को काम शुरू निर्देश विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने दिए हैं। मुख्य बाजार और उससे सटी घनी आबादी के पास वर्तमान में जल निकासी का कोई स्थाई समाधान नहीं है। स्थिति तब और बदतर हो जाती है जब सोमवार और शुक्रवार को यहां साप्ताहिक बाजार लगता है। सोमवार को पसगवां प्रधान प्रतिनिधि सोनू गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय, सोहरनलाल,उर्फ राजू, दीपक शुक्ला व अन्य ग्रामीणों व व्यापारियों ने प्रवेश सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री व क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर उन्हें एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अधिकारियों को फोन पर निर्देश दिया कि पुलिया निर्माण का प्रीक्षा की धरातल पर काम शुरू कराएं।

वाइडी कालेज में प्रवेश को अब तक 1700 आवेदन

संवु जागरण • लखीमपुर : गुरवरा दत्त महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की ओर से अब तक 1700 आवेदन किए जा चुके हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि आज 30 जूनहै लेकिन यह तिथि अभी बढ़ भी सकती है क्योंकि छठे सेमेस्टर के परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम न आने से अभी उनके प्रवेश नहीं हो सके हैं। प्राचार्य प्रोफेसर डा.हेमंत पाल ने इसकी पुष्टि की।

उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

(स्पन्सर्ड को स्वामित्वाधीन अनुसूचित बैंक)

क्षेत्रीय कार्यालय: द्वितीय तल, मुरारमल बिल्डिंग, एलगारायी चौराहा, लखीमपुर-262701

कब्जा नोटिस

अधिग्रहण सूचना (नियम 8(1) अथवा / धारा सम्पत्ति हेतु)

प्रतिभूतिहित व वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अनुसरण अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है और प्रतिभूति हित नियम 2002 की धारा 13(12) नियम 3 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित खाते के अनुरूप प्रतिभूति लेनदारों के सम्बन्ध में जिसका सम्पूर्ण विवरण नीचे अभिलिखित है/ कब्जाधिग्रहण अधिनियम/ संस्थाकर्मियों/ विनिमय सचिव से नीचे की नहीं की कि वे उक्त नोटिस प्राप्त होने की दिनांक से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि चुकता कर दें। पुनः सम्पत्तियां अग्रिमों/ उपगामदारों/ संस्थाकर्मियों/ विनिमय सचिव से द्वारा ऋण राशि चुकता नहीं की गयी है इसलिए अग्रिमों/ उपगामदारों/ संस्थाकर्मियों/ विनिमय सचिव व आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) नियम 8 के साथ पठनीय के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे लिखी सम्पत्तियों को कब्जे में लिया है। विशेष तौर पर अग्रिमों/ उपगामदारों/ संस्थाकर्मियों/ विनिमय सचिव और सामान्य तौर पर आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार/लेन-देन न करें। इस सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार/लेन-देन मुख्य प्रबन्धक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक को देय पहले व बाद पर देय ब्याज के अनुसार में अन्तर नोट किया जाएगा। अग्रिमों/ उपगामदारों/ संस्थाकर्मियों/ विनिमय सचिव का ध्यान प्रतिभूतिहित आस्तियों को नियुक्त करने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

क्र. सं.	कब्जाकर्ता/ उपगामदारों का नाम/ मांग सूचना/ अधिग्रहण की तिथि	सम्पत्ति का विवरण/ मालिक का नाम	कब्जा धारणीय (रु)
	शाखा: रामपुर (9406)-262701		
1.	(उपगामदारों का अनुसूची उपगामिनियों) 1. श्री पवन पांडेय पुत्र स्वर्गीय श्री हरदत्त पांडेय, निवासी- ग्राम सौंह नगर पंचायत पडोसा के बगल, बसोरपुर पोस्ट- 262701, 2. श्री पवन पांडेय पुत्र स्वर्गीय श्री रमन नारायण पांडेय, निवासी 642, नारायण पथ, लखीमपुर खीरी- 262701, 3. श्रीमती आशिनी पांडेय पत्नी अमन कुमार पांडेय निवासी- 220 सरकार मार्ग, अंबन बिहार, जिला पथ, लखनऊ- 226022. 4. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रमन नारायण पांडेय, 5. श्रीमती उपगामदारी पांडेय पत्नी स्वर्गीय श्री रमन नारायण पांडेय, निवासी 642, नारायण पथ, लखीमपुर खीरी (262701) (सभी स्वर्गीय श्री रमन नारायण पांडेय के उपगामदारी), 6. श्रीमती पुष्पा देवी स्वर्गीय रमन नारायण पांडेय निवासी 642, नारायण पथ, लखीमपुर खीरी (262701) (सभी स्वर्गीय श्री रमन नारायण पांडेय के कानूनी वारिसान/ कानूनी प्रतिनिधि/ हित-सम्बन्धितगण हैं) मांग सूचना की तिथि: 21.04.2025 कब्जा की तिथि: 26.06.2026	पुष्पादेवी का पता ग्रीडाम विलेज के अनुसार, पोस्ट बड़ा पुलिस चौकी कस्बा बी- 846, वेंकटनगर-चौराहा, पोस्ट एवं तहसील लखीमपुर, जनपद एवं जिला- खीरी, मूल बंधकपत्र- 2020 वर्ग पोस्ट, बंधक की तारीख: ग्रीडाम विलेज के अनुसार- पुष्टि 20 फीट चौड़ी सड़क, परिमाण: प्लॉट सं. 16, पुराना: प्लॉट सं. 15, परिमाण: 20 फीट चौड़ी सड़क	रु 8,80,047.77 + ब्याज एवं प्रासंगिक व्यय एवं खर्चा, शुल्क एवं खर्चे

स्थान: लखीमपुर खीरी — प्राधिकृत अधिकारी, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक

भारत के कर्मचारियों की भी प्रतीक

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Punjab & Sind Bank (A Government Of India Undertaking)

Where service is a way of life

क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली

97/2, तुलारोरपुर पीलीभीत बाईपास रोड बरेली, उ.प्र.–243122

दूरभाष : 0581–2510513 ई–मेल : ro.bareilly@psb.bank.in

ई–नीलामी बिक्री सूचना

["परिशिष्ट IV-A"]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 8 (6) के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना ।

ई–नीलामी तिथि व समय : 30.07.2027 प्रातः 11:00 बजे से सोपहर 01 बजे तक

बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 28.07.2026 शाम 5:00 बजे तक | **संपत्ति निरीक्षण तिथि व समय : 28.07.2026 प्रातः 10:00 बजे से 04 बजे तक**

सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और जमानतकर्ता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है, जिसका सांकेतिक कब्जा पंजाब एंड सिंध बैंक, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। उक्त संपत्ति की बिक्री से बैंक को बकाया राशि की वसूली के लिए दिनांक 30.07.2026 को "जैसा है जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा।

बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर प्रदान किए गए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

क्र. सं.	शाखा/ऋणी/बन्धककर्ता/जमानतकर्ता का नाम व पता	सम्पत्ति एवं स्वामी का विवरण	मांग सूचना तिथि / मांग पत्र 13(2) में अंकित राशि	आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि / वृद्धि राशि
1.	**शाखा : गोला (G1134)**	आवासीय संपत्ति जो प्लॉट संख्या–9, गाटा संख्या 866 एवं 868 के भाग पर स्थित है, ग्राम पुनर्नु मुरु, परगना मुकुरा, तहसील गोला गोकर्णनाथ, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 151.11 वर्ग मीटर है। उक्त संपत्ति विक्रय विलेख संख्या 1068, बुक संख्या–1, जिल्द संख्या–6868, पृष्ठ संख्या 1 से 10, दिनांक 21.01.2022 को सब रजिस्ट्रार, गोला गोकर्णनाथ, जनपद खीरी (उ.प्र.) में पंजीकृत है। विक्रय विलेख के अनुसार संपत्ति की चौहद्दी निम्नवत् है : उत्तर : निरी जी आदि का प्लॉट, दक्षिण : दीक्षित जी का प्लॉट, पूरब : आबादी, पश्चिम : रास्ता	04-11-2024 दिनांक 16.06.2026 तक कुल बकाया राशि रू0 18,09,761.80/– (रुपये अठारह लाख नौ हजार सात सौ इकसठ एवं नब्बे पैसे मात्र) तथा उक्त तिथि के पश्चात देय ब्याज, लागत एवं अन्य व्यय, यदि कोई हो।	Rs. 80,000.00 / Rs. 3,000.00 / Rs. 80,000
2.	**शाखा : पिपरिया बानी**	व्यावसायिक/आवासीय संपत्ति के सभी भाग एवं भूखण्ड जो खाता संख्या–18, प्लॉट/खेत संख्या–210, जो श्री राम सुमेर शुक्ला के नाम पर ग्राम बैजाइ, तहसील मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में स्थित है। विक्रय विलेख संख्या 357, बही संख्या–1, जिल्द संख्या– 223 से 284, क्रम संख्या 357, दिनांक 09.01.2002 को सब रजिस्ट्रार, मोहम्मदी, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) के कार्यालय में पंजीकृत है। **चौहद्दी : उत्तर :** श्री अशोक श्रीवास्तव एवं श्री राज कुमार की भूमि, **दक्षिण :** सीताराम दीक्षा, **पूरब :** श्री शारदा प्रसाद बाजपेयी का खेत, **पश्चिम :** श्री रावन पुत्र श्री राम शंकर की भूमि।	04-07-2023 दिनांक 23.06.2026 तक कुल बकाया रू0 20,44,987.11/– (रुपये बीस लाख चवालीस हजार नौ सौ सत्तासी एवं ग्यारह पैसे मात्र) तथा उक्त तिथि के पश्चात देय ब्याज, लागत एवं अन्य व्यय, यदि कोई हो।	Rs. 81,91,000 / Rs. 8,19,000 / Rs. 82,000
3.	**शाखा : पलिया कलां, खीरी**	**संपत्ति का विवरण संख्या–1 :** संपत्ति जो गाटा संख्या–46बी रकबा 0.150 हेक्टेयर, गाटा संख्या–48 रकबा 0.130 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या–50 रकबा 0.210 हेक्टेयर, कुल 03 किता, कुल रकबा 0.490 हेक्टेयर, पिसनों से 1/8वीं अविभाजित हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 0.06125 हेक्टेयर (620 वर्ग मीटर) है, ग्राम सिंगाही खुर्द, तहसील एवं परगना पलिया कलां, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में स्थित है। विक्रय विलेख संख्या 100, बुक संख्या–1, जिल्द संख्या–1644, पृष्ठ संख्या 151 से 182, दिनांक 06.01.2016 को सब रजिस्ट्रार, पलिया कलां, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में पंजीकृत है। **चौहद्दी : उत्तर :** श्री अमरजीत सिंह आदि की भूमि, **दक्षिण :** श्री राधा बिहारी आदि की भूमि, **पूरब :** श्री जगजीत सिंह की भूमि, **पश्चिम :** पक्का मार्ग। **संपत्ति का विवरण संख्या–2 :** संपत्ति जो गाटा संख्या–46बी रकबा 0.150 हेक्टेयर, गाटा संख्या–48 रकबा 0.130 हेक्टेयर एवं गाटा संख्या–50 रकबा 0.210 हेक्टेयर, कुल 03 किता, कुल रकबा 0.490 हेक्टेयर, पिसनों से 1/8वीं अविभाजित हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 0.06125 हेक्टेयर (620 वर्ग मीटर) है, ग्राम सिंगाही खुर्द, तहसील एवं परगना पलिया कलां, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में स्थित है। विक्रय विलेख संख्या 2346, बुक संख्या–1, जिल्द संख्या–1706, पृष्ठ संख्या 61 से 92, दिनांक 29.04.2016 को सब रजिस्ट्रार, पलिया कलां, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में पंजीकृत है। **चौहद्दी : उत्तर :** नन्द लाल का खेत, **दक्षिण :** विश्वंभर कौर का खेत, **पूरब :** श्री जगजीत सिंह की भूमि, **पश्चिम :** पक्का मार्ग।	15-06-2022 दिनांक 31.05.2026 तक कुल बकाया रू0 29,32,768.39/– (रुपये उनतीस लाख बत्तीस हजार सात सौ अड़सठ एवं अड़तीस पैसे मात्र) तथा दिनांक 01.06.2026 से देय भविष्य का ब्याज, लागत एवं अन्य व्यय, यदि कोई हो।	Rs. 48,30,000 / Rs. 4,83,000 / Rs. 40,000
4.	**शाखा : पलिया कलां (P0222)**	प्लॉट के शास्त्रिक बचाक विसका क्षेत्रफल 210.39 वर्ग मीटर है गाटा संख्या 175 कि. का भाग श्रीमती सुनन देवी पत्नी श्री मोहन शर्मा के नाम पर ग्राम सेमरी, तहसील पलिया कलां, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में स्थित है। विक्रय विलेख संख्या 1432, बुक संख्या–1, जिल्द संख्या–1803, पृष्ठ संख्या 345 से 388, दिनांक 02.05.2017 को सब रजिस्ट्रार, पलिया कलां, जनपद लखीमपुर खीरी (उ.प्र.) में पंजीकृत है।	29.04.2022 रू0 23,31,876.53 /– (रुपये तेईस लाख इकतीस हजार आठ सौ छिहत्तर एवं तिरपन पैसे मात्र) एवं उस पर दिनांक 01.06.2026 से ब्याज तथा उस पर देय ब्याज, लागत एवं अन्य खर्चे	Rs. 16,63,000 / Rs. 1,66,300 / Rs. 17000

प्राधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर : श्री रोहित वर्मा (पिपरिया बानी शाखा) एवं संपर्क नंबर 9278812878, श्री सुमित वर्मा (पलिया कला शाखा) संपर्क नंबर 8812247177

ईएमडी को मोबीक्विक द्वारा ई–नीलामी पोर्टल https://ebkray.in@BYNEFT/RTGS/CHALLAN पर उपलब्ध कराए गए अपने वॉलेट में स्थानांतरित किया जाना है। उक्त खाते का विवरण जिसमें ईएमडी के साथ देय राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से जमा की जानी है : खाते का नाम- एनईएफटी पार्किंग खाता; खाता नंबर- 8017504007003; आईएफएस कोड- PSB0000017, बिक्री के नियमित नियमों और शर्तों के लिए कृपया https://punjabandsindbank.co.in/module/sarfaesi-list और https://baanknet.com/ देखें। नोट : इस नोटिस को नियम 8(6) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के तहत उपयोगकर्ताओं और गारंटरों (एस/ए) को 15/30 दिनों की वैधानिक बिक्री नोटिस के रूप में भी माना जाना चाहिए।

दिनांक : 29.06.2026 — स्थान: पिपरिया बानी, गोला — प्राधिकृत अधिकारी पंजाब एण्ड सिंध बैंक